शुक्रवार
10 मई 2024



पृष्ठ 4
अपनी डाइट में शामिल करें स्ट्रॉबेरी का...



पृष्ठ 5
प्राची सिंह की बोल्ड फोटोज इंटरनेट...



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 100
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

**आज का विचार**

कष्ट ही तो वह प्रेरक शक्ति है जो मनुष्य को कसौटी पर परखती है और आगे बढ़ाती है।
– सावरकर

# केजरीवाल को मिली जमानत

कार्यालय संवाददाता

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल को आज सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई। वे 21 दिन के लिए जेल से बाहर आएंगे और अपनी पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव प्रचार करेंगे।

लोकसभा चुनाव 2024 के 3 फेज की वोटिंग हो चुकी है और 4 फेज के मतदान होने बाकी हैं। दिल्ली में 25 मई को छठे फेज में मतदान होंगे। आम आदमी पार्टी दिल्ली की 5 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 2 सीटें कांग्रेस को मिली हैं, क्योंकि आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन करके लोकसभा चुनाव लड़ रही है। इस बीच केजरीवाल को जमानत मिलने से लोकसभा चुनाव 2024 पर असर पड़ सकता है। चर्चा है कि उन्हें सिम्पथी वोट मिल सकते हैं, जिससे देशभर में आम आदमी पार्टी कई सीटें जीत सकती है।

बता दें कि साल 2019 में दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था, लेकिन आम आदमी पार्टी ने भी अच्छे-खासे वोट हासिल किए थे। भाजपा को दिल्ली में 56.86



प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि आप को 18.11 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को 22.51 फीसदी वोट मिले थे। इस बार कांग्रेस और आप मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। हालांकि दिल्ली में दोनों ही पार्टियों के पास कोई बड़ा चेहरा नहीं है, लेकिन अब केजरीवाल के बाहर आने से इनके चुनाव प्रचार को नई धार मिलेगी। अरविंद केजरीवाल की गैर-मौजूदगी में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने उनकी जिम्मेदारी संभाली हुई थी। वे आम आदमी पार्टी का काम देख रही हैं। साथ ही लोकसभा चुनाव प्रचार भी कर रही हैं। उनके साथ इंडिया अलायंस और कांग्रेस के नेता कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। पिछले दिनों सुनीता केजरीवाल ने दिल्ली में भी रोड शो किया था। इस दौरान काफी भीड़ उमड़ी थी। अब केजरीवाल प्रचार करेंगे।

## केदार धाम में पुष्प वर्षा और बम बम भोले के जयकारे

# खुल गए बाबा केदार मंदिर के कपाट

विशेष संवाददाता

रुद्रप्रयाग। बम-बम भोले के नारों के उद्घोष और विधि विधान व पूजा अर्चना के साथ केदार बाबा आज अपने धाम में विराजमान हो गए। तय दिन और समय के अनुरूप प्रातः 7 बजे केदार धाम मंदिर के कपाट खोले गए और अब बाबा अगले 6 माह तक यहीं भक्तों को दर्शन देंगे। इस अवसर पर धाम में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही वही मुख्यमंत्री



❑पहले पूजा सीएम धामी ने मोदी के नाम से की
❑हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने किये दर्शन

पुष्कर सिंह धामी द्वारा पहले पूजा अर्चना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई। उधर आज ही मां गंगोत्री और मां यमुनोत्री धाम के कपाट भी विधिवत भक्तों के दर्शनों के लिए खोले जा चुके हैं।

बीते कल से चार धाम यात्रा का आगाज हो चुका है। भारी संख्या में भक्त पहले से ही धाम पहुंच चुके हैं। तीर्थ पुरोहित और पुजारियों तथा रावल की मौजूदगी में आज बाबा केदार के मंदिर के कपाट खोले गए। रात से ही दर्शनों के लिए धाम में लंबी-लंबी कतारे लगी हुई थी। केदार घाटी का दृश्य इस दौरान अत्यंत ही मनोरम बना हुआ है। चारों ओर पहाड़ बर्फ से ढके हुए हैं और कड़ाके की सर्दी भी है। लेकिन श्रद्धालुओं के उत्साह के आगे कोई समस्या नहीं है। हर साल की तरह धाम की भव्य पुष्प सज्जा की गई है। वही आसमान से भी हेलीकाप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। बीते साल कपाट खुलने के समय पर 8 हजार श्रद्धालु मौजूद रहे थे इस बार यह संख्या 10 हजार के पार जा चुकी है।

इस दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखाई दिया। कपाट खुलने के समय श्रद्धालु ढोल-नगाड़े और डफली के ताल

▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

## ओवैसी बोले मेरा छोटा भाई तोप है, मैंने रोक रखा है वरना...!

हैदराबाद। तेलंगाना की हैदराबाद लोकसभा सीट से सांसद और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी एक बार फिर चर्चा में हैं। पिछले दिनों बीजेपी से लोकसभा प्रत्याशी माधवी लता के समर्थन में वोट मांगने पहुंची अमरावती से बीजेपी कैंडिडेट नवनीत राणा ने ओवैसी ब्रदर्स को निशाने पर



लिया। इस दौरान उन्होंने अकबरुद्दीन ओवैसी के विवादित बयान (पंद्रह मिनट) की बात करते हुए भड़काऊ भाषण दिया और 15 सेकंड का चैलेंज दिया। इस बीच असदुद्दीन ओवैसी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो नवनीत राणा के बयान पर पलटवार करते नजर आ रहे हैं। ओवैसी के ऑफिसियल इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें नवनीत राणा के बयान का जिक्र करते हुए कहते हैं कि वो एमपी साहिबा जो महाराष्ट्र से आकर छोट-छोटे कर रही हैं। अरे, मैं छोटे को रोककर रखा हूं। तुमको मालूम ही क्या है कि छोटा क्या है, बहुत मुश्किल से समझा रखा हूं। अगर शुरू हो गया टी20, तो तुम्हारा भी टी20 कैसा होगा। क्या मुर्गी का बच्चा हूं मैं, पंद्रह सेकेंड ये कर देंगे। क्या भारत में कोई कानून नहीं है? पुलिस नहीं है?

## अब कांग्रेस के मणिशंकर अय्यर बोले, 'पाकिस्तान को सम्मान देना चाहिए, उनके पास है परमाणु बम'

नई दिल्ली। रंगभेदी टिप्पणी करने वाले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बाद अब कांग्रेस के एक और नेता का बयान सामने आया है।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने पाकिस्तान को लेकर एक विवादित बयान दिया है। मणिशंकर अय्यर ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत को पाकिस्तान की इज्जत करनी चाहिए क्योंकि पड़ोसी मुल्क के पास परमाणु बम हैं। अगर हम उन्हें इज्जत नहीं देंगे तो वे भारत पर परमाणु हमला करने की सोच सकते हैं।

अय्यर ने कहा कि भारत को ये नहीं



भूलना चाहिए कि पाकिस्तान के पास भी परमाणु हैं। उन्होंने चेताते हुए कहा कि उनके पास परमाणु बम हैं। हमारे पास भी हैं लेकिन क्या होगा अगर कोई पागल लाहौर में ये बम गिराने का फैसला कर ले। इस रेडिएशन को अमृतसर पहुंचने में आठ सेकंड भी नहीं लगेंगे। अगर हम उनकी इज्जत करेंगे तो वे शांत बने रहेंगे लेकिन अगर हम उन्हें छोटा दिखाते रहेंगे तो कोई पागल आएगा और बम गिरा देगा।

वही दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मणिशंकर अय्यर के बयान पर कहा कि राहुल गांधी माफी मांगें। अय्यर पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। ये कांग्रेस के दोगले लोग हैं। भारत ताकतवर है। अगर पाकिस्तान आंख दिखाएगा तो मैप पर दिखाई नहीं देगा। कांग्रेस के लोग आतंकवादियों की भाषा बोलते हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# बदलाव की आहट

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व भाजपा के नेता और रणनीतिकार 2024 की इस राजनीतिक जंग को न सिर्फ आसान मान रहे थे बल्कि अपनी जीत को लेकर उनका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाल किले के प्राचीर से अपने तीसरे कार्यकाल में देश को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की घोषणा करने से लेकर अबकी बार 400 पार का नारा देने और विपक्ष के दर्शक दीर्घा में बैठे होने की बात कहना यह बताने के लिए काफी है कि भाजपा अति आत्मविश्वास की सभी सीमाएं लांघ चुकी थी। 2019 के चुनाव में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस मुक्त भारत का जमकर प्रचार किया था और कांग्रेस जैसी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी को घुटनों पर लाकर खड़ा कर दिया था तमाम राज्यों से उसकी सरकारों का भी सिमटना और लोकसभा में मुख्य विपक्षी दल की उसकी हैसियत को भी चुनौती पैदा कर दिया जाना तथा कांग्रेस के अध्यक्ष राहुल गांधी को नॉन सीरियस नेता कहकर उनकी छवि को कांग्रेस के पप्पू बताये जाने तक ऐसे किसी भी प्रयास में कोई कमी उठाकर नहीं रखी गई जो कांग्रेस को अप्रसांगिक साबित करने वाली न हो। यहां तक कि भाजपा के नेताओं द्वारा सोनिया गांधी को देश की विधवा और राहुल व प्रियंका को बंटी बबली तक कहने में कोई संकोच नहीं किया गया। जिसे भाजपा नेताओं का अहंकार ही कहा जा सकता है। देश की सत्ता पर अपना एकाधिकार बनाए रखने की रणनीति के तहत भाजपा ने 10 साल के कार्यकाल में विपक्ष को इतना कमजोर बनाने की कि भाजपा का कोई विकल्प ही शेष न बचे, के कारण ही 2024 का लोकसभा चुनाव लोकतंत्र बचाओ और संविधान बचाओ की सीमाओं पर आकर खड़ा हो चुका है। समूची व्यवस्थाओं और संवैधानिक संस्थाओं से लेकर मीडिया तक पर अपना एकाधिकार और वर्चस्व कायम कर चुकी भाजपा सरकार ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि राहुल गांधी या कांग्रेस और इंडिया गठबंधन उनके सामने इस तरह की चुनौतियां भी पैदा कर सकता है कि सिर्फ तीन चरण के मतदान के बाद ही सत्ता में बैठे लोगों का आत्मविश्वास इतना डावांडोल हो जाएगा कि उनके चुनावी भाषणों में सिर्फ कांग्रेस के घोषणा पत्र व राहुल तथा प्रियंका के अलावा कोई मुद्दा ही शेष नहीं बचेगा। कल गृहमंत्री अमित शाह ने अपनी जनसभा में अपने भाषणों की शुरुआत ही यह कहते हुए कि यह चुनाव राहुल गांधी और मोदी के बीच लड़ा जाने वाला चुनाव है। भाजपा नेताओं को अभी से इस बात का बखूबी एहसास हो चुका है की हवा का रुख क्या है तीन चरण के मतदान होते-होते कांग्रेस और इंडिया गठबंधन अगर मोदी की सत्ता को चुनौती देने की स्थिति में आ चुका है और भाजपा नेता अगर खुद इसे स्वीकार रहे हैं तो अभी तो चार चरण का मतदान बाकी है। सिर्फ आधा चुनाव ही निपटा और राहुल गांधी 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा कर रहे हैं तो यह कोई मामूली बात नहीं है। विपक्ष के मजबूती से आगे बढ़ने का ही संकेत है। चुनाव के नतीजे क्या रहते हैं इसका पता तो 4 जून को ही चल सकेगा लेकिन जिस तरह भाजपा नेता कांग्रेस की राजनीतिक पिच पर खेलते दिख रहे हैं और उनके अपने कोई मुद्दे कारगर नहीं रहे उससे भाजपा के अंदर बेचैनी जरूर है। क्योंकि सत्ता बदली तो नई सरकार बीजेपी से 10 साल का पूरा हिसाब भी जरूर लेगी।

## आज है अक्षय तृतीया

आज ही के दिन माँ गंगा का अवतरण धरती पर हुआ था।
महर्षी परशुराम का जन्म आज ही के दिन हुआ था।
माँ अन्नपूर्णा का जन्म भी आज ही के दिन हुआ था।
द्रोपदी को चीरहरण से कृष्ण ने आज ही के दिन बचाया था।
कृष्ण और सुदामा का मिलन आज ही के दिन हुआ था।
कुबेर को आज ही के दिन खजाना मिला था।
सतयुग और त्रेता युग का प्रारम्भ आज ही के दिन हुआ था।
ब्रह्मा जी के पुत्र अक्षय कुमार का अवतरण भी आज ही के दिन हुआ था।
प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री बद्री नारायण जी का कपाट आज ही के दिन खोला जाता है।
बृंदावन के बाँके बिहारी मंदिर में साल में केवल आज ही के दिन श्री विग्रह चरण के दर्शन होते है अन्यथा साल भर वो वस्त्र से ढके रहते हैं।
इसी दिन महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ था।
अक्षय तृतीया अपने आप में स्वयं सिद्ध मुहूर्त है कोई भी शुभ कार्य का प्रारम्भ किया जा सकता है।

साभार: सोशल मीडिया

शं नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये।
शं योरभि स्रवन्तु नः ।।
(ऋग्वेद १०-९-४)

दिव्य जल हमें शांति और आनंद प्रदान करें। हमारे रोगों का विनाश करें। हमारी रोग-रोधक क्षमता को सुदृढ़ करके हमें रक्षण प्रदान करें।

# सामुदायिक पुस्तकालय की अवधारणा पर हुई एक दिनी कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता

मुनस्यारी। सामुदायिक पुस्तकालय की अवधारणा को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को तक पहुंचाने के लिए आज विवेकानंद इंटर कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कक्षा 5 से कक्षा 11 तक के अपनी कक्षाओं में टॉपर आए विद्यार्थियों को जिला पंचायत सदस्य पुरस्कार 2023 देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार पर बातचीत की गई। विवेकानंद इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यशाला के प्रथम सत्र शिक्षा सत्र 2023-24 में विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 5 की परीक्षा में अपने-अपने विद्यालयों के टॉपर विद्यार्थी विवेक भंडारी, लक्ष्मी घींघा, सुमन कोरंगा सुजल रावत के साथ ही कक्षा 6 के टॉपर खुशी जोशाल, कक्षा 7 के टॉपर शुभम खाती, कक्षा 8 के टॉपर रिया ज्यैष्ठा,कक्षा 9 के टॉपर रोहित घींघा, कक्षा 10 के टॉपर श्रद्धा खाती, कक्षा 11 की टॉपर प्राची बृजवाल को जिला पंचायत सदस्य पुरस्कार के रूप में प्रशिक्षित पत्र तथा एक डिक्शनरी देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कक्षा 11 की टॉपर प्राची बृजवाल द्वारा अपनी सफलता की कहानी को सांझा किया गया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत के बल पर



अनुशासित होकर हम सफलता प्राप्त कर सकते है। प्राची ने अपने नियमित

### ❑विवेकानंद इंटर कॉलेज के टॉपर विद्यार्थियों को मिला जिला पंचायत सदस्य पुरस्कार 2023

दिनचर्या के अनुशासित टाइम टेबल को विद्यार्थियों के सम्मुख रखा।

कार्यशाला में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों के सम्मुख सामुदायिक पुस्तकालय के जनक तथा जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया द्वारा बताया गया कि मुनस्यारी में जिला पंचायत द्वारा 5 लाख रुपए की लागत से पुस्तकालय खोला जा रहा है। इस पुस्तकालय में विभिन्न प्रकार के कंपटीशन की बुके उपलब्ध रहेगी। पुस्तकालय की टीम द्वारा फिजिकल प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाएगा। पुस्तकालय में आने वाले विद्यार्थियों की समय-समय पर परीक्षा भी आयोजित की जाएगी।

पुस्तक पुस्तकालय के साथ-साथ षविद्यार्थी शिक्षक तथा शिक्षक ही विद्यार्थीष्की थीम पर प्रत्येक संडे को संडे क्लास आयोजित किया जाएगा। जिसमें विद्यार्थियों को विद्यालय में पढ़ाई जा रहे विषयों पर सवाल पूछने की आदत को विकसित किया जाएगा।

कार्यशाला में विद्यार्थियों से सामूहिक चर्चा के बाद कक्षा 8 के विद्यार्थियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई। कक्षा 11 व 12 कक्षा 9 व 10 कि विद्यार्थियों के साथ भी पृथक से संवाद किया गया। कार्यशाला के अंत में अभिभावकों के साथ बातचीत कर क्षेत्र में एक स्वच्छ शैक्षिक माहौल तैयार करने के लिए बातचीत की गई। विद्यार्थियों के खानपान, स्वास्थ्य एवं क्षेत्र के पर्यावरण को बचाने के लिए भी बातचीत की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा द्वारा कार्यशाला के लिए सामुदायिक पुस्तकालय टीम का आभार व्यक्ति किया गया।

## ओला कम्पनी के नाम पर ठगे एक लाख 10 हजार रुपये

देहरादून (सं)। दीपनगर निवासी सोमवीर ने नेहरू कालोनी में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने 6 अप्रैल 2024 को ओला कम्पनी में ऑनलाइन अप्लीकेशन की जिस पर ओला कम्पनी ने उसकी गाड़ी पर 22997 रुपये का पेन्डिंग दिखाया गया ।8 अप्रैल 2024 को उसको एक व्याट्स एप पर मैसेज आया उन्होंने खुद को ओला कम्पनी का कस्टूमर केयर बताते हुए गाड़ी ओला कम्पनी में लगाने की बात की। उन्होंने गाड़ी का पेन्डिंग हटाने के लिए कुछ प्रोसेस करने होंगे। उसके बाद उसने व्हटसएप में ओला एप्स नो पैंडिंग लिखने को बोला गया जिसके बाद में एक ओटीपी आया। उसके बाद उसके पीएनबी अकाऊंट से पाँच बार ट्राइजेकशन में एक लाख 10 हजार 477 रूपये का भुगतान हो गया जो उसने नहीं किया।

# केदारनाथ धाम यात्रा की आड़ में शराब तस्करी करने वाला गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

रूद्रप्रयाग। केदारधाम यात्रा की आड़ में शराब तस्करी करने वाले एक शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 20 क्वाटर, 12 हाफ व 25 हजार 680 रूपये की नगदी बरामद की गयी है।बता दें कि जनपद में प्रतिवर्ष होने वाली श्री केदारनाथ धाम यात्रा हरेक विभागों, स्टेकहोल्डर्स व व्यापारियों के सहयोग से चलती है। परन्तु इसी यात्रा के बीच कुछ ऐसे लोग भी होते हैं जो कि यात्रा की आड़ में गलत कार्यों जैसे शराब तस्करी व नशे का कारोबार में लिप्त रहते हैं। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग ने यात्रा से पूर्व की गयी ब्रीफिंग एवं आयोजित हुई अपराध समीक्षा गोष्ठी के दौरान सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिये गये थे कि इस बार की यात्रा से पूर्व अवैध तरीके से शराब का भण्डारण, विक्रय, तस्करी करने वालों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए प्रभावी कार्यवाही करेंगे। प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन में थाना गुप्तकाशी पुलिस द्वारा एक सूचना के बाद एक व्यक्ति को शराब बिक्री करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से 20 क्वाटर, 12 हाफ व 25680 रूपये की नगदी बरामद की गयी है। पूछताछ में उसने अपना नाम हरीश लाल पुत्र महेशा लाल निवासी ग्राम ब्यूंगगाड़, थाना गुप्तकाशी बताया। बताया कि बरामद रूपये उसने शराब बेचकर कमाये थे। बहरहाल पुलिस ने उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# बिट क्राईन के नाम पर ठगे एक लाख 18 हजार रूपये

संवाददाता

देहरादून। बिट क्वाईन के नाम पर एक लाख 18 हजार रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शास्त्री इन्कलेव निवासी मदन जोशी ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके द्वारा करीब 08 माह पूर्व बिट क्वाईन में इंवेस्टमेण्ट के नाम पर अपने मोबाईल फोन में गूगल प्ले-स्टोर से टी-लाईफ क्वाईन नाम से एक एप्प डाउनलोड किया गया था। इस एप्प में बिट क्वाईन में निवेष कर अच्छा लाभ प्राप्त करने संबंधी दिशा निर्देश आते रहते थे।

इस एप्प को मोबाईल फोन में डाउनलोड करने के बाद किसी साईबर ठग ने बिना उसकी जानकारी के उसके गूगल-पे की गोपनीय पिन चुराकर 23. मार्च 2024 को उसके कैनरा बैंक के खाते 50 हजार रूपये यूपीआई के माध्यम से ऑनलाईन स्थानान्तरित करवा लिये है। इसके अलावा उसके पंजाब नैशनल बैंक के खाते से रू0 40 हजार और 03 मई 2024 को 28 हजार रूपये स्थानान्तरित कर लिये है। उसके खातों से पैसा स्थानान्तरित करने के बाद इस अज्ञात साईबर ठग ने उसके मोबाईल फोन से गूगल-पे की हिस्ट्री भी डिलीट कर दी है। जब उसने अपने बैंक खातों के स्टेटमेण्ट देखे तब उसको अहसास हुआ कि किसी साईबर ठग ने उसके गूगल-पे व बैंक खातों से सम्बन्धित गोपनीय जानकारी चुराकर उसके साथ करीब एक लाख 18 हजार रूपये की साईबर ठगी की गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# सामूहिक विवाह शांति से सम्पन्न होने की कामना के लिए किया जलाभिषेक

संवाददाता

देहरादून। सामूहिक विवाह शांति से सम्पन्न होने व दांपत्य जीवन सुखमय के लिए जोडों ने श्री पृथ्वीनाथ मंदिर मे जलाभिषेक किया।

आज यहां परम पूज्य महंत रवींद्र पुरी महाराज के पावन सानिध्य में 108 कन्याओं की वैवाहिक श्रृंखला के क्रम में आगामी 10 मई 2024 अक्षय तृतीया की पावन तिथि पर श्री पृथ्वीनाथ महादेव जी मंदिर देहरादून में हो रहे हैं नौ कन्याओं के सामूहिक विवाह में सुख शांति से संपन्न होने हेतु वह इनका दांपत्य जीवन सुखमय आदि के लिए जोड़ों ने मंदिर प्रातः श्री पृथ्वीनाथ महादेव जी का सामूहिक जिला अभिषेक किया। दांपत्य जीवन रहे हमेशा सुख मय दिगंबर दिनेश पुरी ने अवगत करवाया कि पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार अनुसार आज वर वधु के जोड़े मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए इसके पश्चात आचार्य भारत भूषण भट्ट ने पवित्र गंगाजल आदि के साथ पूजार्चना करवाई और इसके पश्चात ओम नमः शिवाय के मंत्र जाप के साथ सभी में सामूहिक रूप से श्री पृथ्वीनाथ महादेव जी का जलाभिषेक किया और धूप दीप दर्शन कर सामूहिक आरती की गई तथा सभी ने कल का आयोजन सुख शांति से संपन्न होने के साथ ही आगामी प्रारंभ हो रहे दांपत्य जीवन के सुखमय रहने की प्रार्थना भी की गई। इस अवसर पर आज दिगंबर भागवत पुरी, दिगंबर दिनेश पुरी, आचार्य भारत भूषण भट्ट, श्रीमती प्रीति गुप्ता, एडवोकेट राजकुमार गुप्ता, रोहित अग्रवाल, शैलेंद्र सिंघल, मेघा गर्ग, विक्की गोयल, के साथ ही वर और वधू व उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ ने महाराणा प्रताप को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक लच्छु गुप्ता ने महाराणा प्रताप के जन्म दिवस पर उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

आज यहां भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश के सहसंयोजक लच्छु गुप्ता ने महाराणा प्रताप के जन्म जयंती पर बिंदाल पुल स्थित हिन्दू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की मूर्ति को साफ कर उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। लच्छु गुप्ता ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के मेवाड़ में हुआ था। महाराणा प्रताप जयंती 2024 पर हमें एक महान वीर योद्धा और स्वाभिमानी सपूत महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि देने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उनका अदम्य साहस, वीरता, और मातृभूमि के प्रति समर्पण सदैव हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।



उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन की गौरवगाथा ने हमें यह सिखाया है कि संघर्ष के दौरान धैर्य, साहस, और आत्मसम्मान को बनाए रखना आवश्यक है। उनकी वीरता की कहानियां हमें हमेशा प्रेरित करती हैं और उनके आदर्शों को सम्मानित करने का अवसर प्रदान करती हैं।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ की प्रदेश सहसंयोजक मधु जैन ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें सिखाता है कि कठिनाइयों का सामना करते हुए भी हमें अपने सिद्धांतों पर अडिग रहना चाहिए। उनकी जयंती पर हम उनके महान बलिदान और वीरता को सलाम करते हैं मातृभूमि की रक्षा के लिए आन, बान व शान कायम रखते हुए महाराणा प्रताप ने मुगलों की दासता स्वीकार करने की बजाए वनों में रहना ज्यादा श्रेयस्कर समझा तथा वतन की रक्षा के लिए जीवन के अंतिम सांस तक संघर्षरत रहे। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी जीएमएस मंडल कैंट विधानसभा के उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी धीरज ग्रोवर, सुशील साहू सहित काफी संख्या में मौजूद रहे।

# वार्डो की समस्याओं को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने स्वास्थ्य सचिव से की मुलाकात

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने वार्डो की समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य सचिव से मुलाकात कर समस्याओ से अवगत कराया।



आज महानगर देहरादून के अन्तर्गत विभिन्न वार्डो समस्याओं को लेकर पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मण्डल सचिव स्वास्थ्य से मुलाकत कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से लालचन्द शर्मा ने अवगत कराया कि राज्य में विभिन्न स्थानों पर डेंगू और चिकनगुनिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। अस्पतालों में भी इन बीमारियों के मरीज पहुंच रहे हैं, उन्होनें कहा ऐसे में अगर इस पर समय रहते अंकुश न लगाया गया और मरीजों के उपचार की ठोस व्यवस्था नहीं की गई तो हालत गत वर्षों की तरह बिगड़ सकते हैं। लालचन्द शर्मा ज्ञापन के माध्यम से कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों में डेंगू और चिकनगुनिया की जांच और उपचार की निशुल्क व्यवस्था की जाए। तथा अस्पतालों में इन बीमारियों वाले मरीजों को भर्ती करने के लिए अलग वार्ड बनाए जाएं इसके साथ ही निजी अस्पतालों में भी इन बीमारियों की आयुष्मान कार्ड से निशुल्क उपचार की सुविधा दी जाए। डेंगू मरीजों को जरूरत पड़ने पर खून की कमी न हो इसके लिए अभी से अस्पतालों और ब्लड बैंकों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि गांवों, शहरों में खासकर संवेदनशील क्षेत्रों में मच्छर के लार्वा नाशक रसायनों का छिड़काव और फॉगिंग की समुचित व्यवस्था की जाए तथा नगर निगम के अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी सरकारी स्कूलों, प्राइवेट स्कूलों, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर मच्छरों और उनके लार्वा की रोकथाम के उपायों पर जानकारी दें। इस मौके पर पूर्व विधायक राजपुर, अनुराग मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# नयाल के साथ अभद्रता की हो एसआईटी जांचः नागरिक संगठन

संवाददाता

देहरादून। पर्यावरणविद चंदन सिंह नयाल के साथ वन कर्मियो द्वारा अभद्र व्यवहार करने की निंदा करते हुए संयुक्त नागरिक संगठन ने मामले की एसआईटी जांच कराने की मांग की।




आज यहां धधकते जंगलो मे अग्निरक्षक के रूप मे संघर्षरत नैनीताल के ओखलखांडा निवासी पर्यावरणविद चन्दनसिंह नयाल के साथ वनविभाग के कार्मिको द्वारा किए गये शर्मनाक व्यवहार की घटना की संयुक्त नागरिक संगठन ने विस्तृत जांच कराकर दोषियो को दण्डित करने मांग की। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, प्रमुख वनसंरक्षक,मुख्यसचिव आदि को भेजे गये ज्ञापन मे बताया गया है की चन्दन को जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वाटरहीरो, मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखंड गौरव सम्मान तथा सुन्दरलाल बहुगुणा सम्मान पर्यावरण संरक्षण हेतु उल्लेखनीय कार्य करने के लिए दिये गये है। इनके द्वारा 58000 से अधिक पौध रोपित कर इनका संरक्षण करते हुए 6000 से अधिक चालखाल खँतिया पोखर बनाकर 60000 से अधिक पौधे बांटे गये है। 7 मई को वन रेंज देवीधुरा के खुजेटी बीट और देवगुरु बीट चार दिनों से आग मे लगभग 100 हैक्टेयर से अधिक जंगल जल चुके थे जहा ये गांववासियो के साथ आग बुझाने गये थे। इनके द्वारा डीएफओ से मदद हेतु आग्रह के बाद कुछ वन कार्मिको को भेजा गया। जिन्होने इनको विभाग के उच्चाधिकारियो से सम्पर्क करने से क्रोधित होकर इनको जमीन मे गाढने की धमकी दी और असभ्य व्यवहार किया। संगठन के सचिव सुशील त्यागी ने कहा ये घटना पूरे राज्य को शर्मसार करने वाली है जो राज्य की नौकरशाही की जनसहयोग के प्रति नकारात्मक, उपेक्षापूर्ण, दुर्भावनाग्रस्त, संवेदनहीनता का छोटा सा प्रतीक है। लाखों पेड़ पौधे जिनकी जिंदगी मे सांस होती है वह भी राख बन गई। पहाड़ों में रहने वाले ग्रामीणों की सांस में घुस गई जहरीली गैसो से इनके स्वास्थ्य को पहुंचा खतरा। भोजन चारे के लिए वनस्पतियों पर निर्भर पशुओं की जिंदगी भी खतरे में है।भूस्खलन और मिट्टी का होगा कटाव। चंदन नयाल को वन विभाग के कार्मिको द्वारा जान से मारने की धमकी आदि की एसआईटी जांच करा कर दोषियों को तत्काल निलंबित कर दंडात्मक कार्रवाई की मांग अनत मे की गयी है।

# स्वास्थ्य विभाग व रेडक्रॉस एक दूसरे के पूरक हैंः डॉ. त्यागी

संवाददाता

देहरादून। सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनके त्यागी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग व रेडक्रॉस एक दूसरे के पूरक हैं।

आज यहां 'मानवता को जीवित रखना है' इस वर्ष की अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस की इस थीम पर राजकीय इंटर कॉलेज मेंहूंवाला देहरादून में आयोजित रेडक्रॉस स्थापना दिवस के अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एन. के त्यागी ने कहा कि मानवता की निस्वार्थ सेवा करते हुए जगत कल्याण के लिए रेडक्रॉस से और अधिक आजीवन सदस्यों को जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और रेडक्रॉस एक दूसरे के पूरक व सहयोगी हैं। स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला रेडक्रॉस शाखा देहरादून के चेयरमैन डॉ एम एस अंसारी ने कहा कि मानवता को जीवित रखने के लिए हमें दूसरों के बुरे समय अर्थात दुख के समय में उनकी पीड़ा को कम करने का निरंतर प्रयास करना होगा। उनके साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए बिना किसी भेदभाव के विश्व की समस्त मानव जाति का कल्याण की भावना से कार्य करना होगा। उन्होंने उत्तराखंड में आई विभिन्न आपदाओं के संस्मरण सुनाते हुए छात्र-छात्राओं एवं सभी उपस्थित लोगों को इनसे प्रेरणा लेकर कार्य करने की अपील की है।

सचिव कल्पना बिष्ट ने कहा कि सर जीन हेंड्री डूनेट का जन्म दिवस अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है जिन्होंने अपनी संपूर्ण जीवन को मानव कल्याण के लिए समर्पित किया उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस एकमात्र विश्व की ऐसी संस्था है जिसको विश्व का सबसे बड़ा नोबेल शांति पुरस्कार चार बार प्राप्त हुआ है। यह अपने सात सिद्धांत मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता, सार्वभौमिकता पर कार्य करता है। रेडक्रॉस विश्व के 190 से भी अधिक देशों में कार्य कर रहा है यह विश्व की सबसे विश्वसनीय संस्था मानी जाती है उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं से भी रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य बनने की अपील की है।

# तबाही ला सकती हैं ग्लेशियर झीलें

विनोद कुमार

पिछले साल सिक्किम में लहोनक ग्लेशियर झील फटने की घटना पुरानी नहीं है जिसमें 180 लोगों के मरने व पांच हजार करोड़ के नुकसान की खबर थी। इसी तरह केदारनाथ में चौराबाड़ी ग्लेशियर झील फटने से हजारों लोगों की जल प्रलय में मौत हुई थी। 2021 में उत्तराखंड की नीति घाटी में ग्लेशियर झील फटने से दो सौ लोगों के मरने समेत डेढ़ हजार करोड़ का नुकसान हुआ था। अब हिमालय पर्यावरण विशेषज्ञ चेता रहे हैं कि देश के हिमालय क्षेत्र में आने वाले राज्यों में खतरनाक किस्म की 188 ग्लेशियर झीलें बन चुकी हैं, जो किसी बड़े भूकंप आने पर लाखों लोगों के जीवन पर घातक प्रभाव डाल सकती हैं। यूं तो सबसे ज्यादा खतरे की वजह पूर्वोत्तर की झीलें हैं, लेकिन खतरा कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में भी लगातार बना हुआ है। दरअसल, केंद्रीय गृहमंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले डिजास्टर मैनेजमेंट डिवीजन और हिमालय अध्ययन विशेषज्ञों की टीम द्वारा किए गए एक साल की स्टडी के बाद जो निष्कर्ष सामने आए हैं वे चिंता में डालने वाले हैं। दरअसल, अब ग्लोबल वार्मिंग का वास्तविक खतरा सामने दिखायी दे रहा है। लगातार बढ़ते तापमान से हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। पहाड़ों में बर्फ पिघलने से बने जल को निकासी का रास्ता न मिलने पर ये बर्फीला पानी झीलों के रूप में एकत्र हो जाता है। पर्यावरण विशेषज्ञ चिंता जता रहे हैं कि यदि इन संवेदनशील इलाकों में सात तीव्रता जैसा भूकंप आता है तो ये झीलें जल बम बनकर फूट सकती हैं। इससे छह राज्यों की करीब तीन करोड़ आबादी प्रभावित हो सकती है।

दरअसल, इस हालिया अध्ययन में बताया गया है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते इन हिमालयी क्षेत्रों में 28 हजार से अधिक झीलें बन गई हैं। जिसमें 188 ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती हैं। इन संवेदनशील झीलों को ए श्रेणी में रखा गया है। इन इलाकों में ग्लेशियरों के पिघलने व खिसकने का खतरनाक ट्रेंड देखा गया है। वैज्ञानिक चिंता जता रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते ग्लेशियरों की पिघलने की दर 15 प्रतिशत बढ़ गई है। जो हमारे लिए गंभीर चेतावनी का कारण बन रही है। केंद्र सरकार के अधिकारी और पर्यावरण विशेषज्ञ ग्राउंड जीरो व उपग्रहों के जरिये इन झीलों की बराबर निगरानी कर रहे हैं। इन इलाकों में स्वचालित मौसम निगरानी केंद्र बनाये गए हैं। इस दिशा में मंथन किया जा रहा है कि कैसे इन खतरनाक झीलों का पानी आधुनिक तरीकों से रिलीज किया जाए। एक ओर जहां झीलों से जल निकासी के रास्ते तलाशे जा रहे हैं, वहीं ड्रिल करके पानी को नियंत्रित करने पर भी विचार हो रहा है। इसके अलावा भूमिगत पानी के साथ मिलाने के लिये भूमिगत टनल बनाने पर भी मंथन हो रहा है। निस्संदेह,यह एक गंभीर पर्यावरणीय संकट हैं और छह राज्यों के करोड़ों लोग इस संकट से प्रभावित हो सकते हैं।

# सांप्रदायिक विचारों की लामबंदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कांग्रेस पर हमले के अभियान में पाकिस्तान एक नया कनेक्शन है। हालांकि शुरु आती चुनाव से ही पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध खतरे के रूप में चिह्नित किया जाता रहा है।आरोप है कि पाकिस्तान 'शहजादे' यानी राहुल गांधी की ताजपोशी के लिए बहुत उछल रहा है। यह 'चुनाव को प्रभावित करने' का एकरेखीय आरोप नहीं है, जैसा कि चीन-रूस के बारे में अमेरिका का होता है। प्रधानमंत्री मोदी पाकिस्तान की राहुल में दिलचस्पी के दुष्परिणामों को आंतरिक और बाह्य, दोनों स्तरों पर दिखाते हैं। इससे देश में इस्लामिक जेहाद-आतंकवाद जोर पकड़ेगा, राष्ट्रीय एकता-अखंडता खंडित होगी, सुरक्षा-व्यवस्था कमजोर पड़ेगी और नागरिकों को भुगतना पड़ेगा। यह कांग्रेसी राज का दुर्भाग्यपूर्ण फिनोमिना रहा है। इससे भारत की चहुंदिस जारी वैश्विक प्रगति भी थम जाएगी। रिकॉर्ड्स पर टिके मोदी के इस आकलन से शायद ही असहमति होगी। पाकिस्तान से दो-दो लड़ाइयां जीतने के बावजूद कांग्रेसी हुकूमत के बनिस्बत मोदी की सुरक्षा व्यवस्था निस्संदेह पुख्ता है-कश्मीर में आतंकवाद की छिटपुट वारदात के बावजूद। 'घर में घुस कर मारने' की बात अब चेतावनी नहीं होती। इसलिए दुश्मन में दहशत पैदा करती हैं। पर क्या पाकिस्तान वास्तव में इस हालत में रह गया है कि वह आज के भारत को नुकसान पहुंचा सके? आतंक के मोर्चे पर यह आज भी सही है। इसलिए ही, पाकिस्तान आम भारतीयों में अलगाववाद और खून-खराबे के जेहाद का नाम है। इसका केवल चुनाव के समय ही नहीं, बाकी दिनों में भी किया गया उल्लेख अधिकतर भारतीयों के विचारों को ध्रुवीकृत कर देता है। ऐसे में इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी की वोट जेहाद की अपील, जो एक सांप्रदायिक विचारों की लामबंदी से है, बहुसंख्यक मतों का ध्रुवीकरण कर सकती है। मोदी इन मुद्दों का फायदा उठाना चाहते हैं। आरक्षण और संविधान, जो चुनाव में अंडरकरंट मुद्दे हैं, उनमें भी मत-विभाजन का लाभ चाहते हैं। इस मामले में बैकफुट पर चल रहे मोदी को कांग्रेस पर हमले के नये तर्क मिल गए हैं। वे उसके अल्पसंख्यक-प्रेम को ओबीसी कोटे की हकमारी बताते हैं। अब ऐसा नहीं होगा, इसकी वे कांग्रेस से लिखित गारंटी चाहते हैं। यह भय का वैसा ही तर्क है, जैसा कांग्रेस जनमानस में बिठा रही है कि 'मोदी आए तो लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण कुछ भी नहीं बचेगा।' (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# अपनी डाइट में शामिल करें स्ट्रॉबेरी का जूस, मिलेंगे स्वस्थ त्वचा समेत ये स्वास्थ्य लाभ



गर्मियों में आप स्वस्थ जूस की तलाश कर रहे हैं तो स्टॉबेरी जूस को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। स्ट्रॉबेरी का जूस पोषण और स्वाद का बढ़िया मिश्रण है, जो प्रतिरक्षा को बढ़ाता है और संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखता है।यह विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और पोटैशियम से भरपूर होता है। इसमें पानी की मात्रा भी अधिक होती है, जिसके चलते यह जूस शरीर को हाइड्रेटेड रखता है।आइए जानते हैं स्ट्रॉबेरी जूस से मिलने वाले स्वास्थ्य संबंधी लाभ।

वजन घटाने में करता है मदद

स्ट्रॉबेरी में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट और एलेजिक एसिड मौजूद होता है। ये दोनों खनिज अपने सूजन कम करने वाले गुणों और वजन घटाने से संबंधित हार्मोन को नियमित करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं।स्ट्रॉबेरी के जूस का सेवन करने से शरीर में एडिपोनेक्टिन संश्लेषण को बढ़ावा मिलता है , जो वसा को जलाकर चयापचय में सुधार करता है।स्ट्रॉबेरी से बनी ये 5 रेसिपी खाकर बच्चों से लेकर बड़े भी खुश हो जाएंगे।

त्वचा में आता है निखार

स्ट्रॉबेरी का जूस पीना निखरी त्वचा पाने में आपकी मदद कर सकता है। इसमें पाया जाने वाला अल्फा-हाइड्रॉक्स एसिड त्वचा को प्राकृतिक तरीके से एक्सफोलिएट करने और मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में सहायक साबित होता है।साथ ही स्ट्रॉबेरी जूस में मौजूद सैलिसिलिक और एलेजिक एसिड मुंहासों, काले धब्बों और हाइपरपिग्मेंटेशन को कम करने के लिए जाना जाता है। इसमें मौजूद विटामिन सी और सोडियम एस्कॉर्बिल फॉस्फेट के कारण त्वचा में निखार आता है।



स्वस्थ गर्भावस्था

गर्भवती महिलाओं के लिए स्ट्रॉबेरी जूस का सेवन बेहद फायदेमंद हो सकता है। यह जूस फोलेट का एक अच्छा स्रोत होता है, जो गर्भावस्था के दौरान माओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जरूरी होता है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के अनुसार इसके सेवन से न्यूट्रल ट्यूब दोष को रोका जा सकता है, जो तंत्रिका का एक गंभीर जन्म दोष है।गर्भावस्था के दौरान इन चीजों को अपने पास जरूर रखें।

मानसिक स्वास्थ्य होता है दुरुस्त

अगर आपको रोजाना तनाव और चिंता महसूस होती है तो डाइट में स्ट्रॉबेरी का जूस जोडने से फायदा मिल सकता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट मस्तिष्क के ऊतकों को मुक्त कणों से बचाते हैं।इसके अलावा स्ट्रॉबेरी का जूस एंथोसायनिन से भरपूर होता है, जिसे पीने से मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त किया जा सकता है। एक शोध में पाया गया है कि स्ट्रॉबेरी जूस के सेवन से लोगों की याददास्त और सोचने की शक्ति भी मजबूत होती है।

कोलेस्ट्रॉल होता है नियंत्रित

स्ट्रॉबेरी के जूस को खान-पान में शामिल करने से कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। एनआईएच के अनुसार, इसमें पेक्टिन नामक घुलनशील फाइबर होता है।यह फाइबर कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है और दिल के स्वास्थ के लिए भी फायदेमंद होता है। मेडिकल जर्नल मेटाबोलिज्म में प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया है कि स्ट्रॉबेरी खराब कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकती है।स्ट्रॉबेरी खाना किडनी रोगियों के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य - 73

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 72 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |



# राजकुमार राव की अलाया एफ के साथ जमी जोड़ी

राजकुमार राव फिल्म श्रीकांत की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे लोगों का जबरदस्त सपोर्ट मिला। वहीं, अब श्रीकांत का नया गाना तुम्हें ही अपना माना है रिलीज कर दिया गया है, जो एक रोमांटिक ट्रैक है। इससे पहले श्रीकांत का पहला गाना पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा रिलीज हुआ था। जिसे उदित नारायण ने अपनी आवाज दी है। गाना सुनने में बेहद खूबसूरत है। श्रीकांत का दूसरा गाना तुम्हें ही अपना माना है में राजकुमार और अलाया एफ पर फिल्माया गया है। गाने को साचेत टंडन और परंपरा टंडन ने गाया है। म्यूजिक भी इन्होंने ही दिया है। वहीं, लिरिक्स योगेश दुबे ने लिखे हैं। रिलीज के महज दो घंटे में तुम्हें ही अपना माना है को यूट्यूब पर 27 हजार से ज्यादा व्यूज और 26 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।

राजकुमार राव की श्रीकांत का डायरेक्शन तुषार हीरानंदानी ने किया है। फिल्म में ज्योतिका, शरद केलकर और अलाया एफ सपोर्टिंग रोल में हैं। श्रीकांत, इस साल 10 मई को थिएटर्स में रिलीज की जाएगी। ये फिल्म रियल लाइफ हीरो श्रीकांत बोला से इंस्पायर है यानी एक बायोपिक है। श्रीकांत बोला हैदराबाद स्थित बोलैंट इंडस्ट्रीज के सीईओ और संस्थापक हैं। साल 2017 में उन्हें फोर्ब्स मैगजीन ने पूरे एशिया में 30 अंडर 30 की लिस्ट में नामित किया था।

श्रीकांत के डायरेक्टर तुषार हीरानंदानी ने फिल्म को लेकर दैनिक जागरण से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने श्रीकांत को बनाने को लेकर कहा, मैं बायोपिक्स इसलिए ज्यादा बनाता हूं, क्योंकि मुझे वह लोग हीरो लगते हैं। दिव्यांगों पर कई कहानियां बनी हैं, लेकिन मुझे श्रीकांत की जिंदगी बहुत प्रेरणादायक लगी। वह खुद को कमजोर या बेचारा नहीं समझते हैं। कई बार मेकर्स ऐसी कहानियों को या तो कॉमेडी या बहुत ट्रैजिक बना देते हैं। मुझे उन्हें हीरोइक अंदाज में दिखाना था।

# पंचायत सीजन 3 को लेकर प्राइम वीडियो का नया अपडेट

प्राइम वीडियो की शानदार सीरीज में से एक पंचायत 3 काफी सुर्खियों में बनी हुई है। इसका पहला सीजन साल 2020 में आया था, जिसे लोगों से काफी प्यार मिला। इसके दो साल बाद 2022 में मेकर्स इसका दूसरा सीजन लेकर आए और ऑडियंस ने उसे भी काफी पसंद किया था। इसके बाद से ही इसके तीसरे सीजन का हाइप बना हुआ है।

फैंस भी बड़ी बेसब्री के साथ पंचायत सीजन 3 की रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं। अब हाल ही में प्राइम वीडियो ने पंचायत सीजन 3 की रिलीज डेट को लेकर बड़ा अपडेट शेयर किया है। अगर आपको भी इसकी रिलीज डेट जाननी है, तो ये काम करना होगा।

प्राइम वीडियो ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें बहुत सारी लौकी ही लौकी दिखाई दे रही हैं। वीडियो शुरू होते ही इस पर लिखा हुआ दिखाई देता है कि पंचायत सीजन 3 आने वाला है... फिर वो लौकी से ढक जाता है। इसके बाद लिखा हुआ दिखाई देता है कि लौकियों के पीछे क्या है? कैप्शन देखें।

कैप्शन में लिखा गया है कि यह जानने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि पंचायत का नया सीजन कब आ रहा है। हमारे बायो में दिए गए लिंक पर जाएं और तारीख जानने के लिए एक लौकी हटाएं।

इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा कि देखा जा रहा है बिनोद कैसे गेम लेकर बात को घुमाया जाता है। तो वहीं, कुछ लोग लिख रहे हैं कि यह 13 मई को आएगी, तो कुछ 15 मई बता रहे हैं। अब यह पहेली कब सुलझेगी ये तो प्राइम वीडियो ही बता सकता है।

बता दें कि इससे पहले पंचायत सीजन 3 से जितेंद्र कुमार यानी सचिव जी का पोस्टर शेयर किया गया था, जिसमें वह कंधे पर बैग टांग कर बाइक पर जाते दिखे। वहीं, दूसरे पोस्टर में पंचायत 2 के कैरेक्टर भूषण यानी बनराकस, विनोद और प्रह्लाद एक साथ नजर आए।(आरएनएस)

# प्राची सिंह की बोल्ड फोटोज इंटरनेट पर लगा रही हैं आग

भोजपुरी सिनेमा की बोल्ड वाला प्राची सिंह सोशल मीडिया की जान बन गई हैं। प्राची सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और इंस्टाग्राम पर अपने बोल्ड लुक से तहलका मचा देती हैं। एक्ट्रेस की एक-एक फोटो पर फैंस हजारों और लाखों की संख्या में लाइक्स देते हैं। प्राची सिंह वेस्टर्न आउटफिट में ही नहीं बल्कि सलवार सूट से लेकर साड़ी तक में अपना फिगर फ्लॉन्ट करना जानती हैं। हाल ही में प्राची सिंह की कुछ फोटोज इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। इन फोटोज में वह पिंक कलर की साड़ी में बला की सुंदर लग रही हैं।

प्राची सिंह का इंस्टाग्राम अकाउंट बोल्ड फोटोज से भरा हुआ है। ये फोटोज एक्ट्रेस ने कुछ समय पहले शेयर की थीं, जिसमें वह काफी हसीन लगीं।

प्राची सिंह ने इन फोटोज में ब्लू कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें उन्होंने अपना फिगर बहुत की खूबसूरती से फ्लॉन्ट किया। इसके साथ एक्ट्रेस ने पिंक कलर का बोल्ड ब्लाउज पहना।

प्राची सिंह का ये ब्लाउज ब्रा स्टाइल में है, जिसे एक्ट्रेस ने बहुत ही खूबसूरती से पहना। इस डीप नेक ब्लाउज को एक्ट्रेस ने काफी कॉन्फिडेंस के साथ पहना है।



प्राची सिंह ने अपनी इन फोटोज में अलग-अलग पोज दिए हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस ने अपनी आंखों को बंद किया हुआ है। प्राची सिंह ने अपनी इन फोटोज में अलग-अलग पोज दिए हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस ने अपनी आंखों को बंद किया हुआ है।

प्राची सिंह ने इस फोटोशूट का एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह अपना फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस की पतली कमरिया पर फैंस की निगाहें रुक गईं।

प्राची सिंह की इन फोटोज को फैंस ने काफी पसंद किया था। हर किसी ने उनके लुक्स की तारीफ की। एक्ट्रेस के लिए हार्ट और फायर के इमोजी आए।

बता दें कि प्राची सिंह अपनी जिंदगी में एक कदम आगे बढ़ चुकी हैं। वह अपने बॉयफ्रेंड किशन राय संग सगाई कर चुकी हैं। कपल की फोटोज काफी वायरल हुईं।

हालांकि, अब फैंस जानना चाहते हैं कि प्राची सिंह कब शादी कर रही हैं। एक्ट्रेस की तरफ से अब तक डेट सामने नहीं आई है।(आरएनएस)

# मिका सिंह की आवाज और अल्लू अर्जुन के डांस ने ढाया कहर

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा द रूल का पहला गाना पुष्पा-पुष्पा रिलीज हो गया है। इस गाने का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे थे। रॉकस्टार डीसीपी के लिखे गाने पुष्पा-पुष्पा को 6 भाषाओं में रिलीज किया गया है।

पुष्पा-पुष्पा गाने के लिरिकल वीडियो ने पूरे इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। फैंस अल्लू अर्जुन के स्टेप्स के कायल हो गए हैं और गाने पर भरपूर प्यार लुटा रहे हैं। वीडियो में पुष्पा ब्रांड की ताकत को दिखाया गया है।

गाने के जबरदस्त हुक स्टेप ने पुष्पाइज्म के क्रेज को बढ़ा दिया है, जो पुष्पा द राइज के डेब्यू के बाद से पॉप कल्चर का हिस्सा बन गया है।

पुष्पा 2 के पहले सिंगल पुष्पा-पुष्पा को 6 भाषाओं में रिलीज किया गया है। ये गाना तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषाओं में रिलीज हुआ है।

देवी श्री प्रसाद ने गाने के अलग-अलग वर्जन गाने के लिए नकाश अजीज, दीपक ब्लू, मीका सिंह, विजय प्रकाश, रंजीत गोविंद और तिमिर बिस्वास जैसे पॉपुलर सिंगर्स को शामिल किया है।

पुष्पा 2 का टीजर पहले ही रिलीज कर दिया गया था। सुकुमार के डायरेक्शन में बनी फिल्म पुष्पा 2 इसी साल 15 अगस्त को थिएटर्स में दस्तक देगी।

पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन के साथ एक बार फिर रश्मिका मंदाना लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी। इसके अलावा फहद फासिल भी फिल्म का हिस्सा होंगे। फिल्म से अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है। अब फैंस को बस फिल्म की रिलीज का इंतजार है।(आरएनएस)

# रेड साड़ी में रवीना टंडन का ग्लैमरस लुक वायरल



90 के दशक की दिग्गज अभिनेत्री रवीना टंडन सोशल मीडिया पर हमेशा ही अपनी खूबसूरती और ग्लैमरस लुक के कारण छाई रहती हैं. आए दिन वह अपनी स्टाइलिश तस्वीरें और वीडियो शेयर कर फैंस को दीवाना बना देती हैं. हाल ही में, रवीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह लाल रंग की साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इन तस्वीरों में रवीना ने लाल रंग की ट्रांसपेरेंट साड़ी पहनी हुई है और उन्होंने अपने बालों को बांध रखा है. मेकअप के लिए, रवीना नग्न गुलाबी चमकदार होंठ, काजल-रिम वाली आंखें और हाइलाइट किए हुए गालों से सजी हुई हैं। के.जी.एफ चैप्टर 2 की अभिनेत्री ने सुनहरे झुमके और मैचिंग चूड़ियाँ चुनीं। पोस्ट को कैप्शन दिया गया है लाल। इस प्रचंड गर्मी में! ग्लोबल वार्मिंग असली है दोस्तों। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, जाग जाएं। रवीना इन तस्वीरों में अलग-अलग पोज दे रही हैं और अपनी दिलकश अदाओं से फैंस को मोह रही हैं.

फैशन डिजाइनर और अभिनेता अरबाज खान की पत्नी शूरा खान ने पोस्ट पर टिप्पणी की और कहा स्टनर। सोनाक्षी सिन्हा ने फायर इमोजी गिराए।

पटना शुक्ला में रवीना तन्वी शुक्ला का किरदार निभा रही हैं। यह फिल्म एक आम महिला तन्वी की असामान्य यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक छात्र को रोल नंबर घोटाले में फंसते देखकर मामले को अपने हाथों में ले लेती है और जल्द ही उसे एहसास होता है कि वह एक मुख्यमंत्री उम्मीदवार के खिलाफ खड़ी है। अरबाज खान प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित और विवेक बुडाकोटी द्वारा निर्देशित, यह डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग हो रही है। काम के मोर्चे पर, रवीना की अगली फिल्म घुड़चढ़ी और वेलकम टू द जंगल है।

# आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता दवा निर्माण क्षेत्र

डॉ अश्विनी

लंबे समय से चीन पर निर्भर भारत के फार्मा क्षेत्र को अब कुछ राहत मिलने लगी है, जिसका कारण है आत्मनिर्भर भारत अभियान। वर्ष २००० तक भारत का दवा निर्माण क्षेत्र लगभग पूरी तरह आत्मनिर्भर था। दवा निर्माण में जो आवश्यक सामग्री इस्तेमाल होती है, उसे एक्टिव फार्मास्यूटिक्ल इंग्रीडिएंट्स (एपीआइ) कहा जाता है। वर्ष २००० तक अधिकांश एपीआइ भारत में ही निर्मित होते थे और निर्माताओं में आवश्यक प्रतिस्पर्धा भी थी। इस कारण दवा उद्योग न केवल तेजी से आगे बढ़ रहा था, बल्कि दुनिया को उचित कीमत पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने में भी समर्थ था।

चीन ने एक षडयंत्र के तहत भारत के एपीआइ क्षेत्र को तबाह करना शुरू किया। वहां से एपीआइ अत्यंत कम कीमतों पर भारत भेजा जाने लगा। इससे भारत का एपीआइ उद्योग प्रतिस्पर्धी नहीं रहा और हमारी इकाइयां धीरे-धीरे बंद होने लगीं। उदाहरण के लिए, एमोक्सीसाइक्लीन नामक एंटीबायोटिक पेनीसिलिन-जी से व्युत्पन्न उत्पाद है। पेनीसिलिन-जी नामक एपीआइ भारत में पर्याप्त मात्रा में बनती थी और उसका अंतरराष्ट्रीय मूल्य लगभग 22 डॉलर प्रति किलोग्राम था। लेकिन चीन ने इसकी डंपिंग नौ डॉलर से भी कम पर करनी शुरू कर दी। उसके बाद चीन इस एपीआइ को पहले दो गुना और फिर चार गुना कीमत पर बेचने लगा।

विकल्प के अभाव में भारतीय कंपनियों को यह चीन द्वारा निर्धारित कीमत पर खरीदना जरूरी हो गया। लगभग यही स्थिति अन्य एपीआइ की भी रही। कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि कोरोना काल में देखी गयी और समझ आना शुरू हुआ कि देश में एपीआइ उद्योग की पुर्नस्थापना केवल दवा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता या दवाओं के दाम कम करने के लिए ही नहीं, स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। चीन भारत के साथ शत्रुतापूर्ण व्यवहार रखता है, सो दवा के लिए आवश्यक सामग्री हेतु चीन पर निर्भर नहीं रहा जा सकता।

मई २०२० में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन सभी वस्तुओं, जिनका उत्पादन चीन और अन्य देशों द्वारा डंपिंग के कारण बाधित हो गया था, के उद्योगों को पुनर्जीवित करने और विदेशों पर निर्भरता समाप्त करने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरुआत की। प्रारंभिक तौर पर जिन वस्तुओं की 13 श्रेणियों को चिह्नित किया गया, उनमें एपीआइ भी शामिल थे। एपीआइ क्षेत्र के लिए उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना में 41 उत्पाद शामिल किये गये, जिनमें मधुमेह, तपेदिक, स्टेरॉयड और एंटीबायोटिक के लिए दवाओं पर विशेष आग्रह रखा गया। इसके लिए २०,००० करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की गयी। हर्ष का विषय है कि यह योजना अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में लगी है और देश दवा उद्योग के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है।

उदाहरण के लिए, पेनिसिलिन-जी, जिसका भारत में उत्पादन बंद हो गया था, अब उसके उत्पादन हेतु अनेक कंपनियों ने इकाइयां शुरू कर दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया का कहना है कि पीएलआइ योजना और अन्य प्रयासों के कारण आज भारत अधिकांश एपीआइ में आत्मनिर्भर हो चुका है, जिसके कारण चीन पर निर्भरता कम हुई है। सितंबर २०23 तक पीएलआइ स्कीम के तहत कंपनियों को 4,००० करोड़ रुपये और मेडिकल उपकरणों के लिए 2,००० करोड़ रुपये के निवेश की अनुमति दी जा चुकी थी। केंद्र सरकार ने 3,००० करोड़ रुपये की लागत से तीन थोक ड्रग पार्कों का निर्माण भी किया है।

जैसे-जैसे एपीआइ के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के सुपरिणाम आने लगे हैं, वैसे-वैसे एपीआइ की कीमतें भी घटने लगी हैं। जानकार बता रहे हैं कि एपीआइ की कीमतों में कोविड के समय से अभी तक 5० प्रतिशत की कमी आयी है। इकोनॉमिक टाइम्स की एक खबर के अनुसार, बुखार की दवा पारासिटामोल के एपीआइ की कीमत, जो कोविड काल में 9०० रुपये प्रति किलो पहुंच गयी थी, वह घटकर अब मात्र 25० रुपये प्रति किलो रह गयी है। इसी प्रकार अस्थमा की दवा मॉनटैलूकास्ट सोडियम की कीमत 45,००० रुपये प्रति किलो से घटकर मात्र 28,००० रुपये प्रति किलो रह गयी है।

जानकारों का मानना है कि भारत में एपीआइ उत्पादन में उठाव के चलते चीन का दवा (एपीआइ और मध्यवर्ती उत्पाद समेत) कार्टेल पिछले छह महीने में टूट चुका है। शायद चीन को इस बात का आभास नहीं था कि भारत इतने बड़े स्तर पर अपने दवा उद्योग को पुनर्जीवित करेगा, इसलिए उसने दुनियाभर के दवा उद्योग पर कब्जा जमाने की दृष्टि से अतिरिक्त क्षमता का निर्माण कर लिया था। ऐसे में चीन में एपीआइ की आपूर्ति बहुत अधिक बढ़ने से कीमतों में कमी होना स्वाभाविक है। गौरतलब है कि २०21-22 में भारत द्वारा एपीआइ के आयात में भारी वृद्धि हुई थी। वर्ष २०22-23 में भी कुछ वृद्धि हुई, लेकिन जितनी थोक दवाओं का आयात २०22-23 में हुआ, उससे लगभग 12,3०० करोड़ रुपये ज्यादा का निर्यात भारत से किया गया था।

चूंकि देश में भारी मात्रा में एपीआइ का निर्माण होना शुरू हुआ है, तो उनकी कीमतें घट रही हैं। लेकिन ध्यान रखना होगा कि जो उद्योग पीएलआई और सतर्क सरकारी नीतियों के कारण पुनर्जीवित हुए हैं, वे चीन द्वारा पुन: डंपिंग का शिकार न बन जाएं। यह बात सिर्फ एपीआइ के मामले में ही नहीं, अन्य रसायनों के क्षेत्र में भी लागू होती है। रसायन उद्योग के विशेषज्ञों के अनुसार, देश में सोडियम साइनाइड के मामले में आत्मनिर्भरता लाने के उद्देश्य से यूपीएल और एचसीएल नामक दो भारतीय कंपनियों ने 5०० करोड़ रुपये की लागत से अपने संयंत्र स्थापित किये हैं।

लेकिन इन संयंत्रों के स्थापित होने के बाद से ही चीन, यूरोपीय संघ, जापान और दक्षिण कोरिया ने अपनी उत्पादन लागत में वृद्धि के बावजूद सोडियम साइनाइड की जमीन पर पहुंच गयी कीमत को कम करने के लिए अपनी आर्थिक ताकत का इस्तेमाल कर डंपिंग करना शुरू कर दिया है। इससे यूपीएल और एचसीएल द्वारा उत्पादन आर्थिक रूप से अलाभकारी हो रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के व्यापार उपचार महानिदेशक ने चीन और यूरोपीय संघ से आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। लेकिन उद्योग के लिए ऐसी राहत पाने की प्रक्रिया लंबी और थकाऊ है। देश को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ खुफिया एजेंसी बनाने की आवश्यकता है ताकि अन्य देशों और उनके व्यवसायों द्वारा अनैतिक व्यापार व्यवहार की ऐसी किसी भी स्थिति से सफलतापूर्वक निपटा जा सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# आरक्षण का मुद्दा गरमाया



चुनाव प्रचार में इन दिनों आरक्षण का मुद्दा गरमाया हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आरक्षण को सबसे निचले वर्गों की जातियों को आर्थिक तथा राजनीतिक संबल प्रदान करने के लिए वैधानिक तौर पर आरक्षण प्रदान किया गया था।

बाद में आरक्षण का विस्तार होता गया और इसमें नये-नये जाति समूह शामिल होते चले गए।आरक्षण प्राप्त करने के लिए जाट और मराठा जैसे शक्तिशाली समूहों को आंदोलन की राह पकडनी पड़ी।

दरअसल, जो आरक्षण निचली पायदान पर खड़े जाति समूहों के उत्थान के लिए था, वह सभी जाति समूहों के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने का हथियार बन गया। कहने की जरूरत नहीं है कि आज आरक्षण भारतीय समाज के एक बहुत बड़े वर्ग में असंतोष और चिंता का कारक बना हुआ है।

हिन्दू समाज के अनारक्षित जाति समूह मानते हैं कि उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। ऐसी सूरत में एक ऐसे आर्थिक ढांचे पर बल दिए जाने की जरूरत थी जिसमें बिना आरक्षण की सीढ़ी के सभी निचले वर्ग के लोगों को उत्थान के अवसर प्राप्त हों और जातीय आग्रह सामाजिक विग्रह के कारण न बनें लेकिन अब आरक्षण की नीति एक चिंताजनक मोड़ पर ले आई है।

एक ओर जहां कांग्रेस के नेता विशेषकर राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी हर सभा में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने आरक्षण को मुस्लिम तुष्टिकरण का नया औजार बना लिया है।

वह बार-बार कर्नाटक का उदाहरण दे रहे हैं जहां कांग्रेस ने सभी मुस्लिम जातियों को पिछड़े वर्ग में शामिल करके पिछड़े वर्ग के कोटे से ही 4 प्रतिशत का आरक्षण दे दिया जिसे बाद में भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जहां भाजपा सरकार के फैसले पर रोक लगा दी गई है।

मोदी अपनी हर सभा में खुलकर कह रहे हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो दलित और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर मुसलमानों को दे देगी।

संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लेकिन कांग्रेस ने चोर दरवाजे से कर्नाटक में आरक्षण देकर जो कदम उठाया है, उसके दुष्परिणाम समझ नहीं पा रही। बेशक, भाजपा को विरोध का बड़ा चुनावी मुद्दा मिल गया है। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.73

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.72का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# बढ़ता पारिवारिक ऋण

सुषमा गौर

परंपरागत तौर पर भारतीय परिवारों में अधिक बचत करने तथा कम कर्ज लेने की प्रवृत्ति रही है, पर अब यह परिदृश्य बदलता जा रहा है। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर २०23) में पारिवारिक ऋण सकल घरेलू उत्पाद के 39.1 प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह अनुपात एक वर्ष पहले 36.7 प्रतिशत रहा था। वर्ष २०21 के जनवरी-मार्च की अवधि में पारिवारिक ऋण का अनुपात 38.6 प्रतिशत था।

इस कर्ज का 72 प्रतिशत हिस्सा गैर-आवासीय ऋण है, जो आवास के लिए हासिल किये जाने वाले कर्ज की तुलना में तेज गति से बढ़ता जा रहा है। आवास के कर्ज में वृद्धि 12.2 प्रतिशत रही, जबकि गैर-आवासीय ऋण में बढ़ोतरी 18.3 प्रतिशत हुई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड की हालिया रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि कर्ज के आंकड़े इंगित कर रहे हैं कि लोग परिसंपत्तियां खरीदने की अपेक्षा उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद या फिजूलखर्ची पर अधिक खर्च कर रहे हैं।

कुछ अन्य अध्ययनों में पाया गया है कि ऐसे लोगों की संख्या भी बढ़ रही है, जो कर्ज चुकाने के लिए अधिक ब्याज दरों पर व्यक्तिगत ऋण ले रहे हैं। उपभोग भारतीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। हमारी अर्थव्यवस्था का लगभग 6० प्रतिशत हिस्सा उपभोग से संचालित होता है। यदि क्रय शक्ति बढ़ने या भविष्य को लेकर सकारात्मक विश्वास से उपभोग बढ़ता है, तो यह अच्छी बात है, लेकिन असुरक्षित ऋण बैंकों पर बोझ हो सकते है तथा वित्तीय प्रणाली के लिए जोखिम बन सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अनेक बार क्रेडिट कार्ड बकाया, पर्सनल लोन, उपभोक्ता ऋण में बड़ी उछाल को लेकर चिंता जतायी है तथा बैंकों को सचेत रहने की सलाह दी है। पिछले वर्ष अनेक चेतावनियों के बाद रिजर्व बैंक ने असुरक्षित कर्ज देना बैंकों के लिए महंगा बना दिया था।

कर्ज बढ़ने के साथ समय पर किस्त न भरने या डिफॉल्ट करने के मामले भी बढ़ रहे हैं, जो संभावित खतरे की ओर संकेत कर रहे हैं। मोतीलाल ओसवाल रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि दूसरी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत में पारिवारिक ऋण बहुत कम है, लेकिन परिवारों का असुरक्षित ऋण (बिना किसी गारंटी या गिरवी के) का स्तर ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के बराबर है तथा अन्य कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से अधिक है।



# दुष्कर्म कर फोटो सोशल मीडिया में जारी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। महिला का शारीरिक शोषण कर उसकी आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार तहसील बेरीनाग क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक महिला ने बीती 24 अप्रैल को पटवारी चौकी में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि दिनेश रावल ने उसके साथ शारीरिक शोषण किया तथा उसकी आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर दी। सूचना के आधार पर आरोपी दिनेश रावल के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। जिसके बाद 29 अप्रैल को जांच पुलिस थाना बेरीनाग को प्राप्त हुई। जिस पर कार्यवाही करते हुए थाना बेरीनाग पुलिस द्वारा बीती शाम एक सूचना के आधार पर आरोपी दिनेश रावल उर्फ दीवान रावल को पी.डब्लू.डी. तिराहे बेरीनाग के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# शराब पीने के बाद चौकी में हंगामा, चौकी इंचार्ज सहित चार संस्पेंड

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। जसपुर कोतवाली के पतरामपुर चौकी की बैरक में बाहरी लोगों को बुलाकर शराब पार्टी करने के बाद शराब के नशे में लोगों से उलझना और धक्का मुक्की करने के मामले में एसएसपी ने कड़ा संज्ञान लिया है। एसएसपी ने शराब के नशे में पाए गए एक सिपाही सचिन कुमार और उसके साथ शराब पीने के बाद मौके से भागे दूसरे सिपाही सुभाष चौधरी और हंगामे में बीच बचाव नहीं करने पर निगरानी मुंशी अनिल को सस्पेंड किया गया है। इसके अलावा तीन दिन से चौकी नहीं जा रहे चौकी इंचार्ज संदीप शर्मा को भी सस्पेंड किया गया है। एसएसपी ने बताया कि सचिन का मेडिकल कराया गया और वह शराब के नशे में पाया गया था। बताया कि सचिन ने चार बाहरी लोगों के साथ बाजपुर कोतवाली में सम्मन तामिल की ड्यूटी में तैनात सुभाष को शराब पार्टी में बुलाया था। चौकी इंचार्ज तीन दिन से रुद्रपुर में चल रही ट्रेनिंग में था और ट्रेनिंग के बाद वापस चौकी जाने के बजाय रुद्रपुर में रुक रहा था। इसके लिए उसने सीओ, एएसपी और एसएसपी से अनुमति नहीं ली थी। बताया कि एक गांव में दो पक्षों में विवाद के बाद एक पक्ष के व्यक्ति को कांस्टेबल अनिल और सचिन चौकी ले कर आए थे। जब संभ्रांत लोग चौकी आए तो उनके साथ सचिन ने बदसलूकी की थी और सुभाष ने उसका साथ दिया। अनिल ने मौके पर बीच बचाव नहीं किया। बताया कि अगर पब्लिक के लोग प्रार्थना पत्र देते हैं तो एफआईआर करेंगे। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी।

## खुल गए बाबा केदार मंदिर के कपाट ..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

पर नाचते गाते दिखे। आस्था पथ पर इस अवसर पर श्रद्धालुओं की दो-तीन किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई है। उधर आज मां यमुनोत्री तथा मां गंगोत्री ध ाम के कपाट भी विधि विधान के साथ खोल दिए गए हैं। इस अवसर पर दोनों ही धामों में भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी।

दर्शन और पूजा अर्चना के बाद सीएम धामी ने कहा कि श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन और शुभकामनाएं। आप सभी की मनोकामनाएं केदार बाबा पूरी करें। उन्होंने कहा कि यात्रा में कुछ कठिनाइयां जरूर होती है लेकिन बाबा का आशीर्वाद आप सभी पर बना रहे और आपकी यात्रा मंगलमय हो। उन्होंने कहा कि पहले पूजा प्रधानमंत्री मोदी के नाम से की गई है। बाबा 400 पार करायें और नरेंद्र मोदी तीसरी बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। सीएम धामी पत्नी के साथ धाम पहुंचे थे। बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खोले जाएंगे। सभी धामों में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# रंगाई-पुताई की आड़ में कर रहा था बाइक चोरियां, गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



नैनीताल। बाइक चोरियों का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को चुरायी गयी पांच बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जो रंगाई-पुताई की आड़ में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

जानकारी के अनुसार बीती 7 मई को दिक्षित जोशी निवासी नीलांचल कालोनी डहरिया की बाइक सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर से अज्ञात चोर द्वारा चोरी गयी थी। इससे पूर्व बीती 21 फरवरी को भुवन चन्द्र पाण्डे निवासी प्रेम विहार बडी मुखानी की बाइक सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर से चोरी हुई थी। वहीं तीन मई को सचीन्द्र कबिदयाल निवासी तेजपुर नेगी लालकुआं की बाइक सुयाल कालोनी बरेली रोड से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी थी। वहीं बीते वर्ष 4 दिसम्बर को राहुल राजपूत निवासी दमुवाढूंगी पंनचक्की हल्द्वानी की बाइक रूद्राक्ष बैंक्वट हाल के सामने हल्द्वानी से चोरी की गयी थी। इसके साथ ही 20 अप्रैल 2024 को हसीन साह निवासी इन्द्रानगर बनभूलपुरा की बाइक उनके घर के बाहर से चोरी हो गयी थी। बाइक चोरी की यह सभी घटनाएं थाना हल्द्वानी व थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में घटित हुई थी। जनपद में बाइक चोरी के बढ़ते मामलो को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा इन चोरियों के खुलासे हेतु कोतवाली हल्द्वानी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा कड़ी जांच और मशक्कत के बाद उक्त चोरियों में शामिल एक व्यक्ति को एक सूचना के आधार पर बीती शाम एफटीआई रोड चौकी मेडिकल से चोरी की अपाचे बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसने पूछताछ में अपना नाम साहिल पुत्र स्व. सगीर निवासी ग्राम अजीतपुर वार्ड न. 1 निकट सरायवाली मस्जिद थाना सिविल लाईन जिला रामपुर उ.प्र. हाल पता इन्द्रानगर थाना बनभूलपुरा जनपद नैनीताल बताया। उसने अन्य चोरी की घटनाओं को भी स्वीकार करते हुए भिन्न-भिन्न स्थानों से चोरी की गयी चार अन्य बाइक भी बरामद करायी। बताया कि वह मूल रूप से रामपुर उ.प्र. का निवासी है, बनभूलपुरा क्षेत्र में किराये में रह रहा है तथा रंगाई-पुताई का काम करता है। उसके द्वारा चोरी की गयी बाइक को कुछ दिनों के लिये छुपा लिया जाता था फिर उसी बाइक से घूमते हुए रैकी की जाती थी फिर पहली चोरी की गयी बाइक को आस-पास पार्क कर दूसरी बाइक चुरा ली जाती थी और उसको छुपाने के बाद उसके द्वारा पहली बाइक ले जायी जाती थी। बाइक चोरी के लिये उसके द्वारा एक मास्टर की भी बनायी गयी है। बताया कि वह चोरी की मोटर साईकिलों को धीरे-धीरे बेचने की फिराक में था। लेकिन वह पुलिस की गिरफ्त में आ गया। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जिसके खिलाफ उत्तर प्रदेश में भी कई मुकदमें दर्ज है।

# डम्पर लेकर चालक फरार

संवाददाता

देहरादून। मिटटी डालने के बहाने चालक डम्पर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डांडा लखौड निवासी राजेन्द्र प्रसाद ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके डम्पर का चालक अशरफ पुत्र मुस्तकीम निवासी काशीराम कालोनी सहारनपुर भागीरथी पुरम में डम्पर से मलबा व मिटटी डालने का कहकर ले गया था। लेकिन उसके बाद वह फरार हो गया तथा फोन पर सम्पर्क करने पर उसका मोबाइल भी स्वीच आफ बता रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्मैक सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता



चम्पावत। स्मैक तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस व एसएसबी टीम द्वारा 7.30 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना टनकपुर पुलिस व एसएसबी टीम को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतु आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एसएसबी टीम द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया गया। इस दौरान पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम को शारदा बैराज क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। टीम द्वारा जब उसे रूकने का इशारा किया गया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 7.30 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम इनोद एरी पुत्र पदम बहादुर एरी, उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 09, ब्रह्मदेव, जिला कंचनपुर, नेपाल बताया। पुलिस ने उसे सम्बन्धित धाराओं में गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने वाले गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



उधमसिंहनगर। मदद करने के नाम पर एटीएम कार्ड को बदलकर पैसे निकालने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से विभिन्न बैंकों 215 एटीएम, एक तमंचा मय कारतूस व एक चाकू भी बरामद किया गया है।


जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना बाजपुर पुलिस द्वारा संदिग्धो की धर पकड़ हेतु क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान बन्नाखेड़ा क्षेत्र में दो संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रोकना चाहा तो वह सकपका कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। जिनके पास से एक तमंचा मय कारतूस, एक चाकू व 28 भिन्न-भिन्न बैंकों के कुल 215 एटीएम कार्ड बरामद हुए।

पूछताछ में उन्होने अपना नाम अमरीक सिंह पुत्र गज्जन सिंह निवासी ग्राम चंदनपुर थाना गदरपुर जनपद उधम सिंह नगर व सुखवंत सिंह पुत्र लखबीर सिंह निवासी सिंह ग्राम बरवाला थाना केलाखेड़ा जनपद उधम सिंह नगर बताया। बताया कि उनके द्वारा जगह-जगह जाकर एटीएम के अंदर भोले-भाले लोगों को मदद करने के नाम से उनके एटीएम चेंज कर पैसे निकाले जाते है। बताया कि वह लोग पूर्व में जेल भी जा चुके है। मामले में पुलिस ने सम्बन्धि त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

# नरेंद्र दाभोलकर मर्डर केस में 2 शूटर्स को उम्रकैद

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे की एक विशेष अदालत अंधविश्वास के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले कार्यकर्ता डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के मामले में 11 साल बाद अपना फैसला सुना दिया है। इस साजिश के मास्टरमाइंड डॉ. वीरेंद्र तावड़े सहित दो अन्य आरोपी वकील संजीव पुनालेकर और विक्रम भावे को कोर्ट ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। वहीं दाभोलकर को गोली मारने वाले शरद कालस्कर और सचिन एंडुरे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है और प्रत्येक पर 5 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। पुणे के ओंकारेश्वर ब्रिज पर सुबह की सैर पर निकले दाभोलकर की 20 अगस्त 2013 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम से जुड़े मामलों की विशेष अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एए। जाधव ने यह फैसला सुनाया। सीबीआई ने तावड़े पर इस मामले का मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया था। महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक दाभोलकर को 20 अगस्त, 2013 को पुणे में सुबह की सैर के दौरान दो बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी थी। दाभोलकर कई वर्षों से समिति चला रहे थे, उन्होंने अंधविश्वास उन्मूलन से संबंधित विभिन्न पुस्तकें प्रकाशित की थी और कई कार्यशालाओं का भी आयोजन किया था। इस हत्या के बाद काफी बवाल मचा था।



# एयर इंडिया एक्सप्रेस के छुट्टी पर गए सभी क्रू मेंबर्स काम पर लौटे !

नई दिल्ली। एयर इंडिया एक्प्रेस में चल रहा बवाल आखिरकार खत्म होता नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार छुट्टी पर गए सभी क्रू मेंबर्स अब काम पर लौट रहे हैं। साथ ही कंपनी ने जिन 25 कर्मचारियों को बर्खास्त किया था उन्हें भी वापस ले लिया गया है। एयरलाइंस की ओर से आश्वासन दिया गया है कि कर्मचारियों के मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा और इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। दिल्ली में चीफ लेबर कमीश्नर के दफ्तर में हुई बैठक के बाद एयरलाइंस और कर्मचारियों के बीच समझौता हो गया। कर्मचारियों के साथ सुलह के बाद केबिन क्रू सदस्य वापस काम पर लौटने लगे हैं। जिसके बाद विमानों का संचालन अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगा है। मंगलवार को जिस तरह से अचानक सैकड़ों क्रू मेंबर्स छुट्टी पर चले गए थे उसकी वजह से 170 से अधिक विमानों को रद्द करना पड़ा था। बता दें कि टाटा ग्रुप की एयरलाइंस हर रोज 380 विमानों का संचालन करती है। लेकिन क्रू मेंबर्स के हड़ताल पर जाने की वजह से विमानों को रद्द करना पड़ा था। एयरलाइंस के अधिकारी का कहना है कि अगले दो दिनों में विमानों का संचालन सामान्य हो सकता है।




# अनियंत्रित डीसीएम पेड़ से टकराई, 3 मजदूरों की मौत, 33 लोग घायल

पीलीभीत । उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद में शुक्रवार सुबह में भीषण हादसा हो गया। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई जबकि 33 मजदुर घायल बताए जा रहे हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को पुलिस ने एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों में दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दरअसल, लखीमपुर जनपद के रहने वाले मजदूर बीते दिनों मेरठ जनपद में गन्ना छीलने और मजदूरी करने के लिए गए थे। अब वहां पर काम पूरा हो गया था और लोग वहां से वापस लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि तीन दर्जन से अधिक लोग डीसीएम में सवार थे। डीसीएम में सवार होकर सभी लोग वापस लौट रहे थे, इसी दौरान पीलीभीत के गजरौला थाना क्षेत्र के बिजली घर के समीप डीसीएम चालक को नींद आ गई। नींद आने के बाद डीसीएम अनियंत्रित हो गई और डीसीएम लेकर चालक सड़क के किनारे स्थित पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डीसीएम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए। चालक समेत दो महिलाओं की मौत: बताया जा रहा है कि इस हादसे में डीसीएम का चालक सरजीत और उसमें सवार महिला सबीना और रेशमा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उसके बाद लोगों द्वारा पुलिस को सूचना देने के साथ ही वहां में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया।



## विभागीय नीतियों की पेचीदगी, फंसा बच्चों का भविष्य

# आश्रम पद्धति के स्कूलों में दलित छात्रों का प्रवेश बंद

- 6 स्कूलों में 229 सीटें खाली फिर भी रोक
- अनुसूचित जातियों में आक्रोश
- आंदोलन की चेतावनी, सीएम को पत्र लिखा



विशेष संवाददाता

देहरादून। राजकीय आश्रम पद्धति के स्कूलों में समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेशों के बाद एससी (अनुसूचित) संवर्ग के बच्चों के प्रवेश पर लगाई रोक के कारण चकराता क्षेत्र के अनुसूचित जाति के लोगों में भारी आक्रोश है और वह इसे लेकर आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री को भी इस बाबत पत्र लिखकर गरीब अनुसूचित जाति के बच्चों की शिक्षा में बाधक बन रहे इस आदेश को रद्द करने की गुहार लगाई है।

असल में यह मुद्दा 2017-18 में महालेखाकार की उस रिपोर्ट के बाद सामने आया जब इन स्कूलों का ऑडिट किया गया और रिपोर्ट में 60 लाख रुपए अनावश्यक रूप से एससी छात्रों पर खर्च किए जाने की बात कही गई। रिपोर्ट में कहा गया था कि इस योजना का लाभ सिर्फ जनजातियों के बच्चों को दिया जा सकता है। इसके बाद विभाग द्वारा स्कूलों को आदेश जारी कर एससी बच्चों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई।

उल्लेखनीय है कि चकराता क्षेत्र में 19 फीसदी अनुसूचित जातियों के लोग रहते हैं जिनकी आर्थिक स्थिति इतनी बेहतर नहीं है कि वह अच्छे स्कूलों में अपने बच्चों को शिक्षा दिला सके। लेकिन क्षेत्र में आश्रम पद्धति के विद्यालयों में जिसमें अनुसूचित जनजाति के बच्चों को मुफ्त शिक्षा, भोजन व आवास की सुविधा दी जाती है उन स्कूलों में इन एससी जाति के बच्चों को प्रवेश दे दिया जाता था जो अब सरकारी आदेशों के बाद बंद कर दिया गया है।

इस बाबत जब 'सांध्य दैनिक दून वैली मेल, समाचार पत्र के पत्रकारों द्वारा समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह आदेश समाज कल्याण विभाग का नहीं बल्कि उत्तराखंड शासन का है। आदेश किसी का भी सही लेकिन दलितों के बच्चों के प्रवेश पर स्कूलों में लगी रोक के कारण बच्चों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। तथा वह शिक्षा के अपने मौलिक अधिकार से वंचित हो रहे हैं इन स्कूलों में जनजातियों के बच्चों के प्रवेश के बाद भी 239 सीटें खाली हैं लेकिन फिर भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्रवासी अब आंदोलन व सचिवालय घेराव की चेतावनी भी दे रहे हैं उन्होंने तो सीएम को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की अपील की है।

# केदारनाथ हैली सेवा के नाम पर ठगे एक लाख 30 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। केदारनाथ हैली सेवा के नाम पर एक लाख तीस हजार रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार झाझरा निवासी डॉ. परितोष कुमार महंता ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने केदारनाथ हैली सेवा के लिए ऑनलाईन पवन हंस से सीट बुक कराने के लिए आवेदन किया तो उसकी बात पंकज सिंह से हुई तथा उनके द्वारा उसको मैसेज किया गया कि पवन हंस सर्विस में आपका स्वागत है जिसके बाद उससे 3999 रूपये इंशोरेन्स के नाम पर जमा करवाये तथा इसी प्रकार से विभिन्न मदों में उससे कुल एक लाख तीस हजार रूपये जमा कराये गये। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार यमुना कालोनी निवासी लक्ष्मी मिश्रा ने कैंट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई आलोक मिश्रा बाजार से घर की तरफ आ रहा था जब वह बिन्दाल पुल के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मुंकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# युवती की हत्या करने वाले हत्यारोपी का भी शव बरामद



हमारे संवाददाता

देहरादून। छिद्दरवाला क्षेत्र में युवती की गला काटकर हत्या करने वाले हत्यारोपी का शव भी पुलिस ने आज चीला बैराज से बरामद कर लिया है। हत्यारोपी द्वारा युवती की हत्या करने के बाद शक्ति नहर में कूद कर आत्महत्या कर ली गयी थी।

विदित हो कि बीती 6 मई को छिद्दरवाला क्षेत्र में तीन पानी पुलिया के नीचे मृतका आरती डबराल का शव पुलिस को बरामद हुआ था। घटना की जांच में मृतका के दोस्त शैलेंद्र भट्ट द्वारा उसकी हत्या किया जाना प्रकाश में आया था तथा आरोपी शैलेंद्र भट्ट के दोस्त द्वारा आरोपी के घटना को अंजाम देने के बाद 5 मई की रात में ही ऋषिकेश बैराज के पास से शक्ति नहर में कूद कर आत्महत्या किए जाने के बात बताई गई थी, घटना के बाद से ही पुलिस टीम द्वारा आरोपी शैलेन्द्र भट्ट की तलाश हेतु लगातार सर्च अभियान चलाते हुए अन्य संभावित पहलुओं पर भी जांच की जा रही थी।

सर्च अभियान के दौरान आज सुबह जल पुलिस तथा एसडीआरएफ की गोताखोर टीम को चीला बैराज से हत्यारोपी शैलेंद्र भट्ट का शव बरामद हुआ है। जिसके परिजनों को मौके पर बुलाकर उसकी शिनाखत की कार्यवाही करवाई गई। घटना के संबंध में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

वहीं मामले में एसएसपी देहरादून अजय सिंह का कहना है कि युवती की हत्या की जांच में आरोपी शैलेंद्र भट्ट द्वारा उसकी हत्या करने के उपरांत नहर में कुदकर आत्महत्या किया जाना प्रकाश में आया था, जल पुलिस और एसडीआरएफ के गोताखोरों द्वारा आज आरोपी के शव को चीला नहर से बरामद किया गया है, घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पुलिस द्वारा विस्तृत जांच की गई है, घटना में किसी अन्य के सम्मिलित होने के कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं हुए है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*